wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-49 | सागवाड़ा, बुधवार, 13 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## 19 लाख रुपए पूंजपुर में अलग-अलग जगह बांटे, फिर 30 लाख रुपए बांटने निकला युवक पकड़ा गया

### हवाला के 30 लाख रुपए की राशि के साथ युवक गिरफ्तार, बैग से 500-500 रुपये के नोटों का बंडल मिले

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस की टीम ने हवाला के 30 लाख रुपयों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी और कोतवाली डीएसपी मनोज सामरिया ने बताया कि हवाले के 30 लाख रुपए ले जाते हुए दिनेश (40) पुत्र भगवान पाटीदार निवासी पुनाली को पकड़ा गया है। युवक रुपए लेकर आसपुर जा रहा था। कोतवाली थानाधिकारी व डीएसटी प्रभारी दिलीपदान के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल नवीन कुमार ने युवक को बिलड़ी गांव के पास रोककर पूछताछ की। उसके बैग की तलाशी में 500-500 रुपये के नोटों के बंडल भरे हुए थे। युवक रुपयों के लेन-देन के बारे में जानकारी नहीं दे सका।जिस पर डीएसटी युवक को





हिरासत में लेकर कोतवाली थाने लेकर आई। युवक ने बताया कि वह पुंजपुर में शीतल ट्रैवल्स का कर्मचारी है और 12 हजार रुपये में नौकरी करता है। पुलिस अब ट्रेवल्स संचालक के बारे में भी पड़ताल कर रही है। पकड़े युवक दिनेश पाटीदार ने बताया कि आज सुबह वह डूंगरपुर आया था। शास्त्री कॉलोनी शाकुंतलम वाटिका के पास एक गुटखा व्यापारी से 19 लाख रुपये लिए थे, जिसे लेकर पूंजपुर गया और वहां अलग-अलग जगहों पर राशि बांट दी। इसके बाद दुबारा इसी व्यापारी के पास आया और 30 लाख रुपये लेकर वापस पूंजपुर की ओर जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले में युवक से पूछताछ में जुटी है। मामले में पुलिस अब व्यापारी सतीश अग्रवाल से भी पूछताछ करेगी।

## माता के मंदिर में नवरात्रि की अष्टमी के अनुष्ठान हुए

### मां के दरबार तक पदयात्रा, हवन भी हुए



**डूंगरपुर।** शक्ति आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर डूंगरपुर जिले के प्रसिद्ध आशापुरा, विजवामाता, गलियकोट शीतलता माता, विराट अंधेरी माता धाम पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। दोनो शक्तिपीठो पर मां के दर्शन के लिए आज तडके से ही उदयपुर संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था। जो दिन चढने के साथ साथ अपार सैलाब में बदल गया। वही कई किलोमीटर नंगै पाव पैदल चलकर भी श्रद्धालुओं आते रहे। जिसके कारण दर्शनार्थियों की लंबी कतार लगी रही और भक्तो को तेज गर्मी व उमस के बीच मां के दर्शन के लिए घण्टों तक इंतजार करना पडा। धाम पर आज मां आशापुरा का स्र्वाणभुषण से विशेष श्रृंगार किया गया। धाम पर मंदिर कमेटी सदस्यो सहित पुलिस बल सुरक्षा शांति सहित तमाम व्यवस्थाओं को मुस्तैदी के साथ अंजाम दे रहे है। वही धाम पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानो के साथ विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ जारी है जिसकी पूर्णाहूति नवमी को होगी। वही जिले के प्रमुख साबला अंबिका चौक, रीछा कल्याण धाम, सहित विभिन्न शक्तिपीठो पर श्रद्धालुओं की रेलमपेल अनवरत जारी है। वही शक्तिपीठ आशापुरा धाम पर उमडी भक्तों की भीड मां के प्रति अगाध आस्था का दिग्दर्शन करवा रही है।

## शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए दो दिवसीय आनलाईन प्रशिक्षण हुआ

**सरोदा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करीयाना की आईसीटी केंद्र में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एनएएस के सन्दर्भ में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु दो दिवसीय आनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें करीयाणा, पादरडी बड़ी , पारडा सरोदा और गड़ाझुमजी के 28 शिक्षकों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान करियाणा पीईईओ राजेंद्र पंचाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।आपने इस दौरान प्रशिक्षण के लिए सभी शिक्षकों को सरकार की मंशा अनुसार उत्कृष्ट तरीके से बालकों में गुणवत्ता विकसित करना और कोरॉना काल में शैक्षिक गेप को पूरा करने के तरीके व टिप्स प्रदान करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने व बालकों के लिए उपयोगी साबित होने की आशा व्यक्त की।

## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान - दीपावली के दिन तक खाद्य विभाग की टीम दुकानों से सैम्पल लेकर जांच करेगी

### मिलावट पाए जाने पर जुर्माना और सजा का प्रावधान

**डूंगरपुर।** खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त अभियान चलेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 14 अक्टूबर से शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जाएगा,जो दिवाली में दिन तक चलेगा। त्यौहार पर दूध और उससे बनी मिठाई व खाद्य सामग्री की भारी बिक्री होती है। ऐसे में खाद्य सामग्री में मिलावट की संभावना बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में दीपावली से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान के तौर पर कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ.राजेश शर्मा ने बताया कि 14 अक्टूबर से दीपावली के दिन तक शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है जो जिलेभर में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थो के सैम्पल लेकर जांच करेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि दूध, घी, मावा, मिठाइयां, लस्सी समेत तेल, मिर्च-मसाले और अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की कार्रवाई की जाएगी। होटल, दुकान, मिष्ठान भंडार से सैंपलिंग की जाएगी। सैंपल लेकर उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। मिलावटी खाद्य सामग्री पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सांसद दीया ने त्रिपुर सुंदरी के दर्शन किए







राजसमंद सांसद दिया कुमारी एक दिवसीय दौरे के तहत डूंगरपुर जिले के साबला कस्बे पहुंची। यहां पहुंच कर दुर्गाष्टमी के पावन दिवस पर श्री हरि मंदिर श्री बेणेश्वर पीठाधीश्वर अच्युतानंद जी महाराजके सानिध्य में हवन पूजन एवं आरती की सांसद राजसमंद ने श्री निष्कलंक भगवान के दर्शन किए एवं गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं गुरु महाराज के कर कमलों द्वारा महाराज श्री ने साम सागर ग्रंथ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद दिया।

**बांसवाड़ा।** दुर्गाष्टमी पर राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने मां त्रिपुर सुंदरी के दरबार में मत्था टेका।

करीब एक घंटे तक मंदिर परिसर में रुकी दीया ने मंदिर में पूजा-पाठ में हिस्सा लिया। पंडित निकुंज द्विवेदी ने बताया कि महाअष्टमी के साथ ही आज नवरात्रि के महायज्ञ की पूर्णाहुति होने वाली है। उल्लेखनीय है कि भाजपा क पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का मां त्रिपुर सुंदरी के दरबार से बड़ी आस्था थी। कहते कि इसी दरबार से सत्ता का आशीर्वाद मिलता है। इस बार राजसमंद सांसद दीया कुमारी का यहां आना नए राजनीतिक समीकरण की ओर भी इशारा करता है। भाजपा में अंदरखाने यह बात भी चल रही थी कि सांसद दीया कुमारी को पूर्व सीएम वसुंधरा के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इधर, मां त्रिपुर सुंदरी के दरबार में

मां भगवती की अश्वनी प्रतिपदा से लेकर अष्टमी तक पंचाल समाज 14 चौखला के नेतृत्व में यहां घट स्थापना के साथ देवी अनुष्ठान, 10 महाविद्याओं के अनुष्ठान, षोडसी जाप विधान, 10 महाविद्याओं के जप विधान एवं यज्ञ हुए हैं।

## वन्य जीव अजगर पर तलवार व कुल्हाड़ी से हमलाकर टूकड़े-टूकड़े करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## कोर्ट ने 10 दिन के लिए जेल भेजा, 2 दिन पहले डैयाणा गांव में हुई थी घटना

**डूंगरपुर।** सागवाडा क्षेत्र के डैयाना गांव में एक अजगर पर तलवार व कुल्हाड़ी से हमला कर टूकड़े-टूकड़े करने वाले एक आरोपी को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपी को 10 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वन विभाग सागवाडा के क्षेत्रिय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी ने बताया कि 11 अक्टूबर ग्राम पंचायत डैयाणा में ईश्वरलाल पुत्र लालजी मईड़ा के खेत मे वन्य जीव अजगर निकला था। करीब 14 फ़ीट लंबे अजगर ने पहले एक बकरी का शिकार किया। बकरी को निगलते देख बापूलाल पुत्र हाजिया डिंडोर निवासी काली घांटी खड़गड़ा ने अजगर पर तलवार व कुल्हाड़ी से हमला कर उसके टूकड़े-टूकड़े कर दिए। सूचना पर मोके पर पंहुचे वन विभाग के अधिकारियों को मरे



हुए अजगर के साथ तलवार व कुल्हाड़ी बरामद की थी।

इस मामले में वन विभाग ने वन्य जीव अजगर वन संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अनुसूची प्रथम का जानवर होने से केस दर्ज कर लिया। इसके बाद मामले में आरोपी बापूलाल पुत्र हाजिया डिंडोर को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्रिय वन अधिकारी सागवाडा सोमेश्वर त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी बापूलाल को सागवाडा कोर्ट में पेश किया गया, यहां से कोर्ट ने उसे 22 अक्टूबर तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## वल्लभनगर में 9, धरियावद में 7 उम्मीदवार मैदान में, धरियावद में नगराज-खेतसिंह में सीधी टक्कर

**उदयपुर।** वल्लभनगर और धरियावद उपचुनाव के लिए बुधवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। जबकि सोमवार को ऐसे नामांकन रिजेक्ट कर दिए गए थे जो वैध नहीं थे। अब वल्लभनगर में 9 और धरियावद में 7 प्रत्याशी विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में होंगे। बुधवार से पहले तक वल्लभनगर पर 13 और धरियावद में 10 वैध प्रत्याशी मैदान में थे। बुधवार को जनता सेना से दीपेंद्र कुंवर ने नामांकन वापस ले लिया। यहां से रणधीर सिंह भींडर और दीपेंद्र कुंवर दोनों ने जनता सेना से नामांकन भरा था। मगर अब दीपेंद्र ने नामांकन वापस ले लिया। वहीं धरियावद में कांग्रेस से नाथूलाल और रूपलाल, वहीं भाजपा से कन्हैयालाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब धरियावद में जहां मूल रूप से कांग्रेस के नगराज मीणा और बीजेपी के खेतसिंह मीणा के बीच मुकाबला है। वहीं दूसरी ओर वल्लभनगर में कांग्रेस की प्रीति शक्तावत, जनता सेना के रणधीर सिंह भींडर, आरएलपी के उदयलाल डांगी और बीजेपी के हिम्मत सिंह झाला के बीच मुख्य मुकाबला है।

## योगीन्द्रगिरी पर आठ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

**सागवाड़ा।** योगीन्द्र गिरी दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ पर बुधवार को प्रखरवक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे यजमान भूरी देवी रतनलालजी खोडनिया परिवार द्वारा आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामण्डल विधान का जैन आगम विधि मंत्रोच्चारण तथा भगवान जितेंद्र की पंचामृत अभिषेक और पूजा पाठ के साथ ध्वजारोहण के बाद आठ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज के संयोजन मे आयोजित सिद्धचक्र महामण्डल विधान संहितासूरि प्रतिष्ठाचार्य हंसमुख जैन धरियावद के तत्वावधान में पहले दिन बुधवार को सुबह दिगम्बर जैन बोर्डिंग मे विराजित आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ को अर्घ समर्पित कर गुरु आज्ञा विधि पूर्ण कर स्थानीय आदिनाथ दिगम्बर जैन गांधियो का मन्दिर से आचार्य संघ ,समाजजन के सानिध्य में आदिनाथ भगवान की प्रतिमा एवम सिद्धचक्र मण्डल यंत्र को रजत पालकी गंधकुटी मे विराजित कर बैण्ड बाजें के साथ शोमायात्रा के रूप मे अतिशय क्षेत्र योगीन्द्र गिरी लाया गया ।जहा पर विधान मण्डल पर प्रतिमा जी एवम यंत्र विराजित कर खोडनिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक पूजन के बाद सिद्धचक्र महामण्डल विधान की प्रथम पूजा के तहत विधान मंडप पर अष्ट द्रव्य श्रीफल युक्त आठ अर्ध समर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान किये गये ।

## शिक्षा विभाग का यू-टर्न, दिवाली पर 29 अक्टूबर से 7 नवंबर तक रहेगा अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षा विभाग में दीपावली पर अवकाश रद्द करने के फैसले पर 24 घंटे में ही बदल दिया। मंगलवार को जहां शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर मिड टर्म अवकाश को समाप्त कर दिया था। वहीं, बुधवार शाम शिक्षा विभाग में नया आदेश जारी कर 29 अक्टूबर से 7 नवंबर तक मिड टर्म अवकाश रखने की घोषणा की है। मिड टर्म अवकाश को समाप्त करने के फैसले का प्रदेशभर में शिक्षकों ने विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद आनन-फानन में शिक्षा मंत्री ने इस पूरे मामले में दखल देते हुए बुधवार शाम तक नया आदेश जारी करवाया है।




## सफाई कर्मियों के बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ मिलेगी 5 हजार की आर्थिक सहायता

**जयपुर।**

राज्य में अब सफाईकर्मियों के बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ साथ आर्थिक सहायता भी दी जाएगी, ताकि सफाईकर्मियों के बच्चों को संबल प्रदान कर सके।

इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने आदेश जारी किए हैं. अब सालाना 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता सफाईकर्मियों के बच्चों को मिल पाएगी। प्रदेश के सफाईकर्मियों के लिए गहलोत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

अब सफाईकर्मियों के बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ साथ 500 रुपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सालाना 500 रूपए की 10 किश्तों में सहायता देगा। इस हिसाब से राज्य में 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता बच्चों को दी जाएगी।

## रीट पेपर- 40 लाख रूपए की डिमांड, अब तक पूरे प्रकरण में 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**जयपुर।** REET पेपर लीक में एक नया खुलासा हुआ है। इसका मास्टरमाइंड भजनलाल बिश्नोई निकला है। भजनलाल 3 साल पहले भी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा देते पकड़ा जा चुका है।

इसका खुलासा रिमांड पर चल रहे पृथ्वीराज मीणा ने किया है। इसके बाद एसओजी अब भजनलाल की तलाश में जुट गई है। जांच में सामने आया है कि रीट भर्ती परीक्षा का पेपर बाड़मेर व जालोर से ही आया था।

एसओजी एडीजी अशोक कुमार राठौड़ ने बताया कि बुधवार को करौली को रहने वाले अमित कुमार मीना को गिरफ्तार किया है। वह फिलहाल हाउसिंग बोर्ड कालोनी सवाईमाधोपुर में रहता था। अब तक पूरे प्रकरण में 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसओजी ने पृथ्वीराज मीना, रवि कुमार मीना उर्फ रवि पागड़ी, रवि मीना, शिवदास मीना, बत्तीलाल मीना को 17 अक्टूबर तक रिमांड पर ले रखा है। पृथ्वी मीना व रवि पागड़ी की सूचना पर पेपर की एवज में आए 12.22 लाख रुपए बरामद किए हैं। एसओजी की जांच में पृथ्वीराज मीना ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। पृथ्वीराज ने बताया कि उसने भजनलाल से ही पेपर लिया था। बाड़मेर में पोस्टिंग के दौरान उसकी पहचान भजनलाल से हुई थी। भजनलाल पश्चिमी राजस्थान में बड़े नकल गिरोह से जुड़ा हुआ है। परीक्षा से आठ दिन पहले भजनलाल ने उसे वॉट्सऐप कॉल किया था। उसे पेपर देने के लिए 40 लाख रूपए की डिमांड की थी। एक दिन पहले सुबह पेपर मिल गया था। उसने बत्तीलाल, रवि मीना, रवि पागड़ी से पेपर मिलने की बात कही। 5 से 12 लाख रुपए में डील कर पेपर परीक्षार्थियों को बेचा था।

पृथ्वीराज टोंक में जेईएन के पद पर कार्यरत था। उसने पहले पेपर टोंक के ही एक स्कूल में 12-12 लाख रुपए में 18 से ज्यादा परीक्षार्थियों को बेचा था। उन्होंने भी आगे कई सहयोगियों को पेपर दिया था। वहीं बत्तीलाल व रवि मीना ने मिलकर सवाई माधोपुर व गंगापुर सिटी में 14 लोगों को पेपर बेचा था। पेपर 3 से 12 लाख रुपए में बेचा गया था। पेपर कहां और किन-किन लोगों को बेचा गया था। एसओजी कड़ी से कड़ी जोड़ कर पूरे मामले की जांच कर रही है।